# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
📱 : 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 18.11.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 18.11.2025 गोरखपुर। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वाधान में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन दिनांक 17.11.2025 को किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय ''2047 का विकसित भारतः हमारी संकल्पना'' रहा।**

कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक के रूप में प्रो. राजेश सिंह आचार्य (हिंदी विभाग) बुद्ध पी.जी. कॉलेज, डॉ दीपक सहायक आचार्य (हिंदी विभाग) बुद्ध पी.जी.कॉलेज और डॉ. दिवाकर द्विवेदी सहायक आचार्य, हिंदी विभाग भवानी प्रसाद पांडे पी.जी. कॉलेज शामिल थे।

प्रतियोगिता के आरंभ में प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश सिंह जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व—विकास और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन रानी द्विवेदी, सहायक आचार्य, कॉमर्स विभाग, दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज द्वारा किया गया।

विभिन्न वर्ष के बीए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भारत के विकास, शिक्षा, तकनीक, सामाजिक समावेशन और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विचारों की स्पष्टता, भाषा की शुद्धता, प्रस्तुति कौशल और आत्मविश्वास के आधार पर किया।

कार्यक्रम में आभार व्यक्त डॉ. जागृति विश्वकर्मा, शिक्षाशास्त्र विभाग, दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज द्वारा किया गया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गयी। इस प्रतियोगिता में डॉ. राकेश सिंह, सहायक आचार्य, हिंदी विभाग; डॉ. अदिति, सहायक आचार्य, हिंदी विभाग; तथा श्वेता सिंह, सहायक आचार्य, राजनीतिक विज्ञान विभाग सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थिति रहे, जिससे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क